## खबर संक्षेप

### तिलक महाविद्यालय में आज होगी संगोष्ठी

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के संबंध में 7 अप्रैल से 31 मई तक विभिन्न कार्यक्रमों का श्रृंखलाबद्ध आयोजन कराए जाने हेतु जिले के विभिन्न शासकीय विभागों को दायित्व सौंपे गए है। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर सोमवार 7 अप्रैल को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी में देवी अहिल्याबाई होलकर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन प्रातः 10 से किया जा रहा है ।कार्यक्रम में प्रातः 10 बजे से 10:45 तक पंजीयन लिया जाएगा। तत्पश्चात अतिथि आगमन उपरांत 11 बजे से 11:30 बजे तक उद्घाटन सत्र के तहत दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण उपरान्त स्वागत उद्बोदन एवं अतिथियों द्वारा उद्बेदन दिया जाएगा। प्रथम तकनीकी सत्र के अंतर्गत 11:30 से 12 :30 बजे तक वैचारिक उद्बोधन एवं सत्र आभार आयोजित होगा। वहीं द्वितीय तकनीकी सत्र 12:30 से 1:30 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के उद्बोध उपरांत आभार प्रदर्शन उपरांत कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में विषय मर्मज्ञ विद्वतजन अपने अपने विचार रखेंगे ।

### रामनवमीं पर शहर में धूमधाम से निकाली गई भगवान श्रीराम की शोभायात्रा

# जीवंत झांकियां रहीं जनाकर्षण का केन्द्र जय श्री राम के जयघोष रहे गुंजायमान





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कौशल्या नंदन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के प्रकटोत्सव पर्व रामनवमीं के रूप में रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिंदू उत्सव समिति द्वारा रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा दिलबहार चौराहे से प्रारंभ हुई। शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई।

शोभायात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की झांकी के साथ अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में शामिल महिलाओं एवं पुरूषों ने श्रीराम जी की जय जयकार के साथ आगे बढ़ते जा रहे थे। महिलाएं पीले परिधान में शामिल हुई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियाँ, भजन-संकीर्तन, अखाड़े प्रदर्शन, तथा रामायण से प्रेरित जीवंत झांकियां जनाकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बजरंग बाल रामायण समाज द्वारा सुमधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा महिलाओं द्वारा भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही थी। शोभायात्रा में मनोहारी झांकियाँ, भजन मंडलियों की संगीतमय प्रस्तुति, बालरूप प्रभु राम की भव्य रथ यात्रा, पुष्पवर्षा व सुंदर सजावट, महाकुंभ की भव्य झांकी, प्रभु रंगनाथ की सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। हिंदू उत्सव समिति एवं सकल हिंदू समाज के इस आयोजन से शहर श्रीराम जी की भक्ति में डूबा नजर आया।

शोभायात्रा सुभाष चौक, झंडाबाजार, शेर चौक होते हुए समीर राम मंदिर आजाद चौक से होते हुए गाटर घाट राम मंदिर पहुंची जहां समापन किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के लोग, गणमान्य नागरिक, माताएं, बहनों के साथ युवाओं की मौजूदगी रही।






# जल संरक्षण एवं स्त्रोतों को संरक्षित करने के प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जनअभियान परिषद विकासखंड रीठी के सेक्टर क्रमांक 3, देवगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम खम्हरिया नं.1,कुदरी, सिमराकला, ख़िरवा, हरद्वारा, सैदा, मढिया, देवरीकला, पटोंहाँ, जमुनिया, देवगांव, सुगवा, मझगवां के ग्रामों में प्रस्फुटन समितियों व मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता एवं सतत विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर ग्राम स्तर पर जल का संचय व जल स्त्रोतों को संरक्षित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कुआं, तालाब, नाला की सफाई व हैंडपंप के पास सोख्ता निर्माण के साथ करने के लिए प्रेरित किया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत साफ-सफाई भी की जा रही है व क्षेत्र में भूमिगत जलस्तर बढ़ाने हेतु तालाब निर्माण के साथ ही तालाबों और कुओं के गहरीकरण के कार्य किए जा रहे है।जिससे वर्षा के दौरान जल संग्रहण हो सकेगा एवं भूमिगत जल स्तर में भी वृद्धि होगी।इसके साथ ही नाला गहरीकरण, विस्तारीकरण, चेकडैम निर्माण तथा पुराने सोकपिट में रेट्रोफिटिंग कार्य संचालित है। बरसात के पानी का संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है ।यह भू-जल स्तर वृद्धि में सहायक सिद्ध होगा । जिसमे शासन के साथ मिलकर जनसहयोग किया जा रहा है व लोगों को इस अभियान में जुड़कर सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। दीवार लेखन के साथ ग्राम खम्हरिया नं.1 में जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई।

इस अवसर परामर्शदाता शरद यादव के साथ नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के दिनेश कुमार, रणजीत कुमार मौजूद रहे।

### दशरमन महादेवी मंदिर का अनोखा है इतिहास, नवरात्र में लगती है भीड़

# लगातार बढ़ रही थी शिला, विनती के बाद हुई स्थिर तब हुआ मंदिर निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

चैत्र नवरात्रि हो या फिर शारदेय नवरात्र दशरमन के महादेवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। महादेवी के दर्शन करने यहाँ दूर दूर से श्रद्धालु आते है। दतला नदी के किनारे ऊंचे पहाड़ पर माता को श्रद्धालु शिला के रूप में पूजते हैं। यहाँ कि खासियत यह है कि माता की शिला का आकार हर साल बढ़ता जा रहा था। कई दशकों पहले पंडा ,पुजारियों और श्रद्धालुओं की विनती और प्रार्थना के बाद शिला का आकार स्थिर हुआ। जिसके बाद सामने से मंदिर का निर्माण कार्य कराया गया। पीछे से अब भी माता की शिला खुली हुई है।



पहले शिला 5-6 फिट की थीं। अब शिला का आकार 25 फिट से अधिक है। मंदिर की शिला पर आज भी शेर और गाय के पैरों के निशान स्पष्ट नजर आ रहे है। प्राचीनकाल में जब शिला को तोड़कर मढ़िया की बड़ेरी रखना चाही तब शिला से खून और दूध की धारा बहने लगी, उसी समय से काम बंद किया गया। शिला अब भी छप्पर से ऊंची दिख रही है। आज भी खून और दूध की बहती धार के निशान दिखाई दे रहे है। महादेवी माता के मंदिर का इतिहास अंग्रेजी शासन काल से जुड़ा हुआ है। यहाँ नवरात्र की बैठकी के दूसरे दिन जवारें बोए जाने की परंपरा आज भी बनी हैं। महादेवी मंदिर समिति के अध्यक्ष रमेश गर्ग ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए सागौन की लकड़ी काटने पर पंडा को अंग्रेजी शासन के अधिकारियों ने जेल भेज दिया। उस समय भी नवरात्र का समय चल रहा था। मढ़िया में जवारें बोए जाने थे, समय पर पंडा जेल से वापस नहीं लौटा तो मातारानी ने जेल में ही हलचल मचा दिया।अंग्रेजी शासन के अधिकारी परेशान हो गए। जिस पर जेल के अधिकारी पंडा को रिहा कर महादेवी मंदिर लेकर पहुँचे।तभी से नवरात्र की बैठकी को छोड़कर दूसरे दिन द्वितीया तिथि पर जवारें बोए जाते है।इस बार चैत्र नवरात्रि में 700 कलश बोए गए हैं। इसके अलावा 35 अखंड ज्योति भी जल रही है। रामनवमीं पर सोमवार को जवारों का विसर्जन होगा। महादेवी मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालु अलग अलग मंन्नते लेकर पहुँचते हैं।

# ई-केवायसी होने पर ही महिलाओं को मिलेगा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 मध्यप्रदेश में 07 अप्रैल 2025 से प्रारम्भ हो रहा है। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा समस्त जिला अधिकारीयों को अनमोल 2.0 के न्यू पोर्टल के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप अठ्या ने बताया की अनमोल 2.0 न्यू पोर्टल गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की स्वास्थ्य सेवाओं को ट्रेक एवं प्रबंधित करने के लिए विकसित किया गया है।

जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूती सहायता योजना का लाभ महिलाओं को अब समग्र आईडी, आधार कार्ड, बैक खाता एवं श्रमिक पंजीयन के साथ ई केवायसी होने पर ही प्राप्त होगा। पति-पत्नी का समग्र आधारित पंजीयन होगा, इसके साथ ही न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 में महिला हितग्राहियों के बैक खातों का ई केवायसी होना आवश्यक है।

वैवाहिक स्थिति को समग्र पोर्टल पर अपडेट कराने की जवाबदारी महिला हितग्राही की होगी। न्यू अनमोल पोर्टल पर हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सूची अलग से निकल जाएगी, जिससे हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन समय पर हो सकेगा तथा एएनएम इस पोर्टल के माध्यम से अपने क्षेत्र की मेपिंग कर सकेगी। न्यू अनमोल पोर्टल 2.0 का प्रशिक्षण स्वास्थ्य विभाग के अमले को प्रदान कर दिया गया है।

# घर बुलाया, पिलाई शराब, खिलाई खीर-पूड़ी, फिर हत्या

सतना

जिले के जैतवारा थाना क्षेत्र के पासी गांव के एक कुएं में पत्थर बांधकर लाश फेंके जाने की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है।साथ ही वारदात को अंजाम देने के मामले में तीन आरोपियों को भी हिरासत में ले लिया है।आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद उसके शरीर पर पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया था,ताकि मामले का खुलासा नहीं हो सके। हालांकि पुलिस ने कड़ियों को जोड़कर न केवल वारदात का खुलासा किया बल्कि हत्या की वजह भी सामने लाकर रख दी। इस पूरे मामले में पुलिस कप्तान ने पूरी टीम को 10 हजार रुपये का नकद ईनाम भी दिया है। दरअसल 2 अप्रैल को जैतवारा के बौलिहा बीरन गांव के कोठरा पासी रोड में संतोष सिंह के कुआं में अज्ञात शव मिला। इसकी शिनाख्त रामकिशोर पटेल के तौर में की गई। मृतक 28 मार्च को घर से लापता था।उसका शरीर जब कुएं से बाहर निकाला गया तब उसके साथ तीन पत्थर बंधे हुए थे।

### पुलिस ने किया मामले का खुलासा

पीएम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस ने 28 मार्च को घर से निकलने के साथ आखिरी लोकेशन तक की जांच की। इसके बाद पता चला कि वह कोटर गया था। वहां से बस में बैठकर वापस सतना आया। इसके बाद वह बिट्टी प्रजापति के घर पहुंचा,बताया जाता है कि बिट्टी ने पूरी प्लानिंग के साथ उसे अपने घर बुलाया था। जहां पर वह शराब के नशे में पहुंचा।इसके बाद उसे और शराब पिलाई गई। खाने के लिए खीर-पूड़ी दी गई। जब वह नशे में बेहोश हो गया तब उसे बाइक से जैतवारा थाना क्षेत्र के पासी गांव कोठरा ले जाया गया। जहां पर ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने की कोशिश की गई। असफल रहने पर उसके शरीर में पत्थर बांधकर कुएं में फेंक दिया गया,मृतक रामकिशोर और आरोपी महिला बिट्टी प्रजापति के बीच पुरानी पहचान थी,महिला का पति मुंबई में नौकरी करता है,जबकि वह बच्चों के साथ किराए पर नई बस्ती में रहती है,इससे पहले वह मृतक के घर में किराएदार रह चुकी है,इसी दौरान दोनों के बीच पहचान हुई,उसकी नीयत बेटी को लेकर सही नहीं थी,इसी कारण घर खाली कर दिया। हालांकि दूसरी जगह रहने पर भी वह कभी कभार घर आ जाता था,महिला इस बात से परेशान थी,लिहाजा उसने अपने कुछ परिचितों के साथ मिलकर उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाने लगी। रामकिशोर की हत्या की कड़ी जोड़ने के लिए पुलिस को लगभग 100 सीसीटीवी खंगालने पड़े। बताया जाता है कि पुलिस ने कोटर में मृतक के परिचित से पूछताछ की,इसके बाद बस से सतना जाने की बात सामने आई,संतोषी माता मंदिर के पास बुजुर्ग बस से नीचे उतरता दिखा,इसके बाद उसकी लोकेशन नई बस्ती की ओर दिखाई दी,अंतिम लोकेशन बिट्टी प्रजापति के किराए के घर के पास मिली,इसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की,हिरासत में लेने के बाद पुलिस ने जब मामले में जानकारी ली तब आरोपी महिला ने गुमराह करने की कोशिश की वहीं जब पुलिस ने अपने तरीके से पूछताछ की तो सच समाने आ गया।



# सरल और पारदर्शी तरीके से हों सकेंगे ई-ऑफिस से कार्य, समय भी बचेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के मार्गदर्शन में जिले में ई-ऑफिस प्रणाली से कई सरकारी कार्यालयों में नस्तियों का प्रचलन प्रारंभ हो चुका है। शेष कार्यालयों में भी शासन के निर्देशानुसार अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ई-मेल आईडी बनाने का कार्य तेजी से जारी है। ई-ऑफिस डिजिटल तरीके से काम करने का एक अच्छा तरीका है। यह एक डिजिटल वर्कप्लेस सॉल्यूशन है। ई-ऑफिस का मकसद, सरकारी कार्यालयों में कामकाज को सरल, पारदर्शी, और जवाबदेह बनाना है जो कि प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने से समझ आता है। ई-ऑफिस डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अहम हिस्सा है जो बहुत सरल, स्पष्ट और पारदर्शी एवं कम समय मे हो जाता है। ई-ऑफिस के बहुत अच्छे फायदे हैं। ई-ऑफिस की मदद से विभागों को सूचना जल्द और आसानी से मिल जाती है, जिस वजह से वे तेजी से फैसले ले सकते हैं। ई-ऑफिस से कागजों का इस्तेमाल भी कम होता है और फाइलों के रख-रखाव में भी सुविधा होती है। साथ ही फाइलों को खोजने और गुम होने जैसी किसी असुविधा का सामना नही करना पड़ता है।

### टीमवर्क को मिल रहा बढ़ावा

ई-ऑफ़िस की मदद से सरकारी कार्यालयों का कामकाज सरल, पारदर्शी, और जवाबदेह हो गया है। ई-ऑफिस की मदद से सरकारी कार्यालयों का कामकाज प्रभावी हो गया है। ई-ऑफ़सि होने से सारी जानकारियां प्रत्यक्ष रूप से सामने हो गई है। आमने-सामने काम करने से संचार सरल हो गया है, इस तरह से टीमवर्क को बढ़ावा मिल रहा है ओर कार्य आसान हो रहे हैं।

इस प्रक्रिया से समस्या का तत्काल समाधान संभव हो रहा है, जिससे समग्र दक्षता भी बढ़ रही है। कार्यालय के वातावरण में नेटवर्किंग के अवसर, मार्गदर्शन और संबंध-निर्माण को बढ़ावा भी मिल रहा है, जिससे अच्छी संगठनात्मक संस्कृति और व्यावसायिक विकास में योगदान होगा।

### गांव-गांव जल संरक्षण की जगा रहे अलख

**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन पर जिले में छात्रों द्वारा गांव गांव पहुंचकर जल संरक्षण के प्रति जागरुक की अलख जगाई जा रही हैं। इसी क्रम में जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र-छात्राओं के द्वारा ग्राम पंचायत केवलारी, हिरवारा, हरदुआ, करहिया, सहित कटनी शहर के विभिन्न वार्डों में दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण हेतु जागरूकता संदेश का लेखन कार्य किया गया।

## सतत जीवन शैली पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# जीवन शैली में परिवर्तन से ही बच सकती है पृथ्वी एवं पर्यावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही जिला में संचालित ईको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे के निर्देशन तथा प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत सतत जीवन शैली पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ रुकमणी प्रताप सिंह जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना मुख्य अतिथि एवं प्रो. आनन्द प्रताप सिंह शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह ने कहा कि मानवीय गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति में लगातार बढ़ते दखल के कारण पृथ्वी पर बहुत से प्राकृतिक संसाधनों का विनाश हो रहा है, आधुनिक जीवनशैली, पृथ्वी पर पेड़-पौधों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण का विकराल रूप, प्रकृति का बेदर्दी से दोहन आदि कारणों से मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन की भयावह खाई उत्पन्न हो रही है। जिस कारण हम जलवायु परिवर्तन और प्रदूषित वातावरण के बढ़ते खतरे लगातार अनुभव कर रहे हैं। मुख्य वक्ता आनन्द प्रताप सिंह ने कहां कि सिर्फ चिंता जताने से नहीं कम होगा पर्यावरण प्रदूषण बल्कि हमारे छोटे छोटे प्रयासों से जल, मृदा एवं पर्यावरण का संरक्षण संभव होगा, साथ ही कहां कि सही रूप से अपशिष्ट प्रबंधन जिसमें एकल उपयोग प्लास्टिक, औद्योगिक अपशिष्ट, खतरनाक सामग्री और घरेलू कचरा एवं कॉम्पोस्टिंग भी पर्यावरण संरक्षण का एक प्रभावी तरीका हो सकता है। भोजन अपशिष्ट और अन्य कार्बनिक सामग्री की कॉम्पोस्टिंग करके पोषक भूमि बना सकते हैं। मुख्य अतिथि डॉ रुकमणी प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहां कि हमें व्यक्तिगत व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए, जल प्रकृति की अमूल्य देन है, इसे संरक्षित करना हमारा कर्तव्य है। हर बूंद का महत्व समझें और इसे व्यर्थ न जाने दें। प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयास करके बड़ा योगदान दे सकता है। जैसे नल बंद रखना, पानी के रिसाव को रोकना, कृषि में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का उपयोग करना साथ ही वर्षा जल संचयन और पुनः उपयोग हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।





# गौरव दिवस पर सीएम पहुंचे चित्रकूट परिक्रमा कर दीप प्रज्वलित किया

सतना।

*मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के रामनवमी पर चित्रकूट के गौरव दिवस के मौके पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने सबसे पहले कामदगिरि पहुंच कर भगवान कामता नाथ प्राचीन मुखारविंद के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने मंदाकिनी नदी तट पर भरत घाट में दीपोत्सव पर दीप प्रज्वलित किए। चित्रकूट के गौरव दिवस पर स्थानीय नागरिकों,साधु संत,आश्रम,दीन दयाल शोध संस्थान,सामाजिक संस्थाओं,स्थानीय प्रशासन द्वारा 11 लाख दीप प्रज्वलित किए गए हैं।*

# देहदान के लिए संकल्पित लोगों का सैनिक संगठन ने किया सम्मान

**सतना।** पूर्व सैनिक संगठन ब्लॉक इकाई उचेहरा के द्वारा पिथौराबाद में देहदान के लिए संकल्पित पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,बाल्मीक सिंह,डॉ सदाचारी सिंह तोमर,देवलाल सिंह,सावित्री सिंह,सुरेश दाहिया, रामगोपाल सिंह,अनुपम दाहिया का सम्मान किया गया वहीं इनसे प्रेरित होकर रामलोटन कुशवाहा, रामदुलारे सेन ने भी देहदान करने की घोषणा की है।

## खबर संक्षेप

### गेहूँ उपार्जन के लिए 9 तक करा सकते हैं पंजीयन

**कटनी।** किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने किसानों से आग्रह किया है कि इस बढ़ाई गई पंजीयन अवधि का सदुपयोग कर गेहूँ उपार्जन के लिये पंजीयन जरूर करायें। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। जिले में गेहूँ का उपार्जन जारी है।

### तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 20 अप्रैल

**कटनी।** विपणन वर्ष 2024 -25 एवं खरीफ वर्ष 2024 में समर्थन मूल्य पर तुअर फसल के पंजीयन हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने निर्देश जारी किये हैं। जिले में तुअर पंजीयन का कार्य 20 अप्रैल तक किया जाएगा। पंजीयन की कार्यवाही मध्यप्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा गेहूँ के ई-उपार्जन पोर्टल पर किया जाना है। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में तुअर का पंजीयन कार्य गेहूँ के पंजीयन हेतु निर्धारित केन्द्रों पर ही 20 अप्रैल तक समस्त कार्य दिवसों में की जाएगी। आपने कृषकों से अधिक से अधिक पंजीयन कराने की अपील की है।

### स्वच्छता रील प्रतियोगिता 15 अप्रैल तक

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा एक कदम आपकी रील से थीम पर आधारित स्वच्छता रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रील वीडियो लिंक शेयर करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 तक है। रील गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखो, कचरे का दोबारा उपयोग करो तथा खुले में कचरा मत फैलाओ विषय पर बना सकते हैं। इसमें से किसी भी एक विषय पर रोचक रील तैयार करें। अपनी रील को सोशल मीडिया प्लेटफार्म (एक्स, यूट्यूब, फेसबुक) पर ज्यादा से ज्यादा शेयर करें। रील को पर सबमिट करके प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वाले प्रथम विजेता को 2 लाख रूपये, द्वितीय एक लाख, तृतीय 50 हजार तथा 2 सांत्वना 25-25 हजार रूपये का पुरूस्कार प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये लिंक पर विजिट कर सकते हैं।

### दिव्यांगों को बस किराए में 50 प्रतिशत छूट

**कटनी।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें। केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड के माध्यम से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### कलेक्टर ईव्हीएम वेयर हाउस का करेंगे निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आज 7 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का आंतरिक त्रैमासिक निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ईव्हीएम मशीनों के रख रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे एवं साफ – सफाई व्यवस्था का अवलोकन करेंगे। अपर कलेक्टर अधिकारी साधना परस्ते ने इस अवसर पर विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

---

### दुकानदारों द्वारा सड़क में सामग्री रखकर किया जा रहा कारोबार

# शहर के अति व्यस्ततम क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण से यातायात की बेढंगी चाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के अति व्यस्ततम क्षेत्रों में दुकानदारों द्वारा सामग्री सड़क में रखकर कारोबार किया जा रहा है। सड़क के दोनो ओर सामग्री रखे जाने के चलते सड़कें बेहद संकीर्ण हो जाती है जिससे न सिर्फ आवागमन अवरूद्ध होता है बल्कि जाम की स्थिति भी निर्मित होती है। हैरानी तो इस बात की है कि सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की फुर्सत नहीं मिलती। नतीजा यह हो रहा है कि लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रता है।

प्रशासन स्तर पर नगर के मेन रोड सहित अन्य व्यस्ततम स्थलों को रेड जोन चिन्हित करते हुये चेतावनी बोर्ड भी लगवाया गया है लेकिन वही बोर्ड अतिक्रमण के लिये आड़ बन गया है। नो पार्किग पर ही वाहन खड़ा किये जा रहे है। कभी एनाउसमेंट तो वाहन के साथ अमला सड़क पर नजर आता है लेकिन कार्यवाही वही ढांक के तीन पात तक नजर आती है।



#### इन जगहो पर है अतिक्रमण

नगर मुख्य मार्ग यातायात के भारी दवाब के बावजूद अतिक्रमण के चपेट में है। कमानिया गेट गली, सुभाष चौक, सिल्वर टाकीज तिराहा, गर्ग चौराहा, सब्जी मंडी, मोहन टाकीज गली, कारगिल चौराहा, सराफा बाजार रोड, तहसील के सामने, बस स्टैंड, गोलबाजार, झंडा बाजार गली में अस्थायी अतिक्रमण पसरा हुआ है। लोगों ने अब मुख्य बाजार में जाम से निजात की उम्मीद छोड़ दी है। प्रयोगो से और फजीहत है। दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार मौका दिया जा चुका है लेकिन समस्या नहीं सुधरी।

#### सख्ती नहीं होने से मनमानी

फुटपाथी व्यवसाइयों को सबक सिखाने और दोबारा अतिक्रमण न करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सख्त कार्यवाही नहीं होती जिससे दुकानदार मनमानी पर उतारू है। वाहनों में बैठकर महज एनाउंस करके ही सामग्री सड़क में नहीं रखने की रस्म अदाएगी होती रहती है। कई बार चेतावनी दी जाती है कि सड़क में लगाये ठेला या सामान रखा है, उसको भी दुकान के अंदर पहुंचा दें। इस दौरान नाली के आगे जो भी सामान रखा हुआ मिलेगा, उसे टीम जब्त कर लेगी। इस पर आने वाला खर्च भी दुकानदार से वसूल किया जाएगा। यह चेतावनी कई बार जारी की गई, कई बार एनाउंस करवाया गया। इसके बाद आज तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं दिखी। ऐसे में अब लोगों को अतिक्रमण अभियान की चेतावनी का कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। फुटपाथ तक दुकानें सजी हैं। उनके लिए यह चेतावनी अब आम बात हो गई है।

#### अवकाश के दिनों में राहत

नगर के मुख्य मार्गो सहित तिराहे एवं चौराहों में अवकाश के दिनों में ही सड़कें पूरी खाली नजर आती है। तब अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता कि 20 से 40 फीट तक चौड़ी सड़कें बाजार खुलने के बाद महज 5 फीट में सिमटी नजर आती है। ऐसे में यदि कोई चारपहिया वाहन शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में प्रवेश कर जाता है तो फिर जाम लगना तय है। कई बार तो चारपहिया वाहनों के चलते घंटों तक फजीहत हो जाती है। ओवरलोड सवारी वाहन भी कार्यवाही से बचने एप्रोच मार्गों से होकर गुजरते हैं।

---

# पेयजल समस्या से राहत के लिए 8 टैंकर वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने विधानसभा की 8 ग्राम पंचायतों में गर्मी शुरू होते ही पेयजल एवं अन्य जरूरतों के लिए उपयोग आने वाले हेतु विधायक निधि से 8 टैंकर वितरित किए हैं जिससे ग्रामीणों को धार्मिक, सामाजिक कार्यक्रमों के साथ ही पेयजल संकट में बड़ी राहत मिलेगी। इन वाटर टैंकरों के माध्यम से गांव में पेयजल की आपूर्ति के साथ ही आगजनी होने पर बचाव कार्य के लिए उपयोग हो सकेंगे इससे ग्रामवासियों को लाभ होगा। विधायक संजय पाठक ने कहा कि मेरा प्रयास है कि सभी जरूरतमंद ग्राम पंचायतों को वाटर टैंकर की सुविधा उपलब्ध कराई जाए इसके अतिरिक्त गांवों में पशुओं, सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं पेयजल आपूर्ति के लिए गांवों में टैंकर उपलब्ध कराए गए। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े।

विगत वर्षों में अलग अलग ग्राम पंचायतों को इसी तरह से वाटर टैंकर उपलब्ध कराए गए थे इस वर्ष जरूरत के अनुसार जलापूर्ति पेयजल व्यवस्था हेतु विजयराघवगढ़ विधानसभा के ग्राम पंचायत बड़ारी, मेहगांव, अमेहटा, कलहरा, कुठिया महगवां, बरन महगवां, इटौरा, हदरहटा में सरपंचों को टैंकर सौंप दिए गए हैं।

### नाबालिगा को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

**कटनी।** ढीमरखेड़ा पुलिस ने नाबालिगा को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक लडकी की दस्तयाबी की गई। गत 05 अप्रैल 25 को एक महिला ने थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई की उसकी लडकी 10 साल की घर से बिना बताये कही चली गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 137 (2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बालिका की तलाश के हर समय प्रयास करने निर्देशित किया गया। जिसके पालन मे नाबालिक लडकी की तलाश संभावित स्थानों पर की गई। कुछ ही घंटे में बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपूर्द किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी. मोहम्मद शाहिद, उनि सुरेश चौधरी, आर. देवेन्द्र अहिरवार का विशेष योगदान रहा।

---

*लू लगने के लक्षणों एवं प्राथमिक उपचार की दी गई जानकारी*

# भीषण गर्मी में लू की संभावना से बचाव और उपचार संबंधी एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा अत्याधिक गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए एडवाइजरी जारी की जाकर बताया गया कि ऐसे शुष्क वातावरण में लू की संभावना जानलेवा हो सकती है। जिसके लिए आम जन को लू (तापघात) से बचाव संबंधी सलाह दी गई है।

गर्मी के दिनों में धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के डील सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढककर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पीए एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को सिखाये कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आएं। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाये। गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें। गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अदर आने से रोके। जहां तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत एवं अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड, गर्म घुटन भरे कमरों में ना जाएं। रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अतिआवश्यक होने पर ही करें। बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें। चाय कॉफी अत्यधिक मीठे पदार्थ व गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन न करें।

#### लू लगने के लक्षण

गर्म लाल और सूखी त्वचा होना, शरीर का तापमान से 40 सेल्सियस या 104 फॉरेनाइट से अधिक होना, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द होना, मांशपेशियों में कमजोरी या ऐठन,सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द होना आदि।

#### प्राथमिक उपचार के तरीके

रोगी को तुरंत छायादार जगह पर, कपडे ढीले कर लिटा दें एवं हवा करें, रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य एवं पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें, रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल एवं कच्चा आम का शर्बत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिये यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी से स्नान कराये या उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढक दें।

---

### सोख्ता गड्ढा बनाने के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित




जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित की जा रहीं जागरूकता गतिविधियों के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 1 के आदर्श ग्राम देवडोंगरा में नवांकुर संस्था दृष्टि मानव विकास समिति देवडोंगरा के द्वारा चौपाल लगाकर लोगों को प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन की जानकारी प्रदान की जाकर इस महत्वपूर्ण अभियान में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव के तालाब, कुएं, बावड़ी एवं हैंडपंप के आसपास की श्रमदान से साफ सफाई, गहरीकरण, और हर घर में सोखता गड्ढा का निर्माण कराने हेतु कार्य योजना बनाई गई। जिससे प्रेरित होकर ग्रामीणों ने सोख्ता गड्ढा बनवाने हेतु सहमति प्रदान की है। इस दौरान में नवांकुर संस्था के सेक्टर प्रभारी मनीष पांडेय, दुर्गा शंकर शुक्ला, वीरेंद्र पांडेय, अमृत लाल यादव आदि उपस्थिति रहे।

---

# खसरा से संपूर्ण रोकथाम के लिए एमआर के दो टीके अवश्य लगवायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

गर्मी का मौसम है, त्वचा पर लाल दाने के साथ बहती नाक व ऑखें लाल जैसे लक्षण खसरा(मीजल्स) का संक्रमण हो सकता है। ऐसे में नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर चिकित्सक को दिखाना चाहिये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अठ्या ने बताया चिकित्सक द्वारा दिये परामर्श का पूर्णतः पालन करें।

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि खसरा विषाणुओं के कारण होने और तेजी से फैलने वाला श्वसन तंत्र संबंधी एक रोग है, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने पर आसानी से फैलता है। खसरा से संक्रमित होने पर बुखार, सर्दी, जुकाम, बहती नाक व ऑखें लाल होना व शरीर में छोटे-छोटे दानों का उभरना (जिसकी शुरूआत सिर से होती है और बाद में यह पूरे शरीर में फैलना) खसरा (मीजल्स) के शुरूआती लक्षण को दर्शाता है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र अथवा ग्राम की आशा कार्यकर्ता या ए.एन.एम. को सूचित किया जाना चाहिये। ध्यान रखें खसरे का टीका, शरीर को खसरे के विषाणु के साथ लड़ने के लिए तैयार कर उन्हें खसरे से बचाता है। ऐसे सभी बच्चे जिन्हें खसरे के दो टीके लगे हों, उन्हें खसरे से सुरक्षा प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा जैसे ही शिशु 9 से 12 महीने का हो उसे खसरे के टीके की पहली खुराक लगवाई जानी चाहिए, शिशु 16 से 24 महीने का होते ही खसरे की दूसरी खुराक दिलानी चाहिए। सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर आयोजित टीकाकरण सत्र में टीकाकरण तालिका अनुसार निर्धारित टीकों के साथ खसरा से बचाव के लिए पूर्णतः निःशुल्क एम.आर का टीका लगाया जाता है। एमआर का एक टीका पीड़ा रहित सुई है। बच्चे के दाहिने बॉह की चमड़ी में लगाया जाता है।

एमआर का टीका पूर्णतः सुरक्षित है। जो जानलेवा जीवनघातक रोग मीजल्स-रूबेला से बच्चों को सुरक्षित करता है। बच्चों को खसरे से संपूर्ण रोकथाम एमआर के दो सुरक्षित टीका लगवाकर उनके भविष्य को मीजल्स-रूबेला से सुरक्षित करने में अपना सहयोग दे सकेंगे।

---

*उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जाएंगी पुस्तकें एवं कॉपियां*

# साधुराम स्कूल परिसर में पुस्तक मेले क आयोजन आज से, लगेंगें 26 स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सुभाष चौक स्थित साधुराम स्कूल परिसर में सोमवार 7 अप्रैल से शुरू होने जा रहे छरू दिवसीय गणवेश एवं पुस्तक मेला के आयोजन की सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है। सोमवार को इस पुस्तक मेले का औपचारिक शुभारंभ होगा। मेला प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक लगा रहेगा।

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव की पहल पर आयोजित हो रहे इस पुस्तक मेला में निजी स्कूलों, पब्लिसर्स तथा बुक सेलर्स के 26 स्टॉल लगाये जायेगें। कलेक्टर श्री यादव द्वारा निजी स्कूलों, पब्लिसर्स तथा कतिपय बुक सेलर्स की मनमानी से अभिभावकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से इस पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है। जहां प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर छात्रों, पालकों और अभिभावकों को कॉपी-किताबें, यूनिफार्म और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने के नजरिये से जिला प्रशासन द्वारा सार्थक पहल की गई है।

#### बुक बैंक स्टॉल

साधुराम स्कूल में आयोजित होने जा रहे पुस्तक मेला में कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर एक नवाचार किया जाकर जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की शिक्षा एवं पुस्तकों की उपलब्धता हेतु बुक बैंक स्थापित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा पृथक स्टॉल लगाया जायेगा। इस बुक बैंक स्टॉल में विद्यार्थी और अभिभावक अपनी पुरानी पुस्तकों को जमा कर सकेंगें। इन पुस्तकों को आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निरूशुल्क प्रदान किया जायेगा।

#### ये होंगें लाभान्वित

जिले में 412 अशासकीय शालाओं में दर्ज 84 हजार 97 छात्र और इनके अभिभावक पुस्तक मेला का लाभ उठा सकते हैं। मेले मे स्टेशनरी, गणवेश, कॉपी और पुस्तकें, पालकों, छात्रों और अभिभावकों को उचित मूल्य पर उपलब्ध कराई जायेगी।

#### ये पुस्तके मिलेगी

पुस्तक मेला में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक की एनसीईआरटी और एससीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें मिलेंगी। इसके अलावा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्रकाशित सभी प्रकार की पुस्तकें विक्रय के लिए उपलब्ध रहेंगी।

---

### पक्षियों के लिए छतों एवं कार्य क्षेत्र में सकोरे रखने किया प्रेरित

# गर्मियों में पक्षियों का जीवन बचाने सकोरा में रखा दाना-पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





शासकीय महाविद्यालय बरही जिला कटनी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं ईको क्लब द्वारा प्राचार्य प्रो आर के त्रिपाठी के मार्गदर्शन, प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस धुर्वे के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह के नेतृत्व में पक्षियों के संरक्षण के लिए अभिनव कार्य की शुरुआत की गई। प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह ने कहां कि हर साल गर्मी के शुरू होते ही जानवरों और खासकर पक्षियों के लिए दाना-पानी की समस्याएं शुरू हो जाती हैं। जिस कारण हर साल कई पक्षियों की मौत हो जाती है। जल ही जीवन है हर जीव के लिए जल अति आवश्यक है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है पक्षी भी पानी के लिए इधर-उधर भटकने लगते हैं।

गर्मी के मौसम में बेजुबान प्राणियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इसलिए हम सभी को बेजुबान पक्षियों के लिए अपने कार्य क्षेत्र, घर- आफ़सि की छतों पर, बालकनी में, पानी के सकोरे व दाने की व्यवस्था करनी चाहिए। जिससे गर्मी के कारण पक्षियों की होने वाली मौत में कमी आ सकती है। गर्मी के मौसम में बेजुबान प्राणियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। इसलिए हम सबको गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए अपने घरों की छतों पर, अपने कार्य क्षेत्र पर पानी के सकोरे व दाने की व्यवस्था करनी चाहिए। पक्षी पर्यावरण के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण जीव हैं। इन्हें दाना, पानी रख कर बचाना बहुत आवश्यक है। डॉ अरविन्द सिंह ने नगर के सभी लोगों से अपने -अपने घरों के आस पास पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था व्यवस्था करने का आग्रह किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ एस एस धुर्वे ने भी स्टॉफ के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को अपने आस पास पक्षियों एवं अन्य जीवों के दाना पानी की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. एस. एस. धुर्वे, कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी डॉ. अरविन्द सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, श्री मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, श्रीमती अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, रावेंद्र साकेत आदि मौजूद रहे।

---

# अलग अलग ठिकानों से जब्त की अवैध शराब

**बस स्टैण्ड चौकी पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही, 4 के विरूद्ध मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब का अवैध विक्रय करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही की है। अलग-अलग स्थान में कार्यवाही के दौरान बड़ी मात्रा में शराब जप्त की। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा सभी थाना प्रभारियों को नशा के विरुध्द कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कोतवाली आशीष शर्मा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड थाना कोतवाली उप.निरी. योगेश मिश्रा द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर रेड कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

#### इनसे जब्त की गई शराब

कार्यवाही करते हुए अबैध शराब 94 पाव प्लेन देशी शराब कीमती 9400 रुपये की जप्त की गई। चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने बताया कि भ्रमण के दौरान मुल्लो बाई 40 साल निवास नोबल हार्ट स्कू के पास कैलवारा फाटक, छोटेलाल पिता होल्कर प्रजापति 70 साल निवासी नदीपार एवं रामकुमार 35 साल निवासी ग्राम खरखरी के पास से अवैध रुप से देशी प्लेन शराब कुल कीमती 9400 रुपये रखे पाये जाने पर जप्त कर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कार्यवाही में सउनि दीपेन्द्र शर्मा, प्र0आर0 नीरज पाण्डेय, आर0 मनु त्रिपाठी आर0 अनमोल सिंह की अहम भूमिका रही।

### रामनवमीं पर्व पर उपकाशी में निकली विशाल भव्य शोभायात्रा

# जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठी उपकाशी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्म जयंती श्री रामनवमी पर उपकाशी हटा नगरी में भक्ति भाव उमंग उत्साह से गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा निकालकर मनाई गई। शोभा यात्रा के दौरान नगर की गलियों को भगवा रंग के ध्वज से सजाया गया इस दौरान उपकाशी अयोध्या नगरी जैसी प्रतीत हो रही थी जा रहा हूं और जय श्री राम केवट घोषों से उपकाशी गुंजायमान हो रही थी। शोभायात्रा का शुभारंभ बड़ा बाजार श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुआ जहां पर नगर के सभी पांच अखाड़े एवं 11 शोभायात्रा सम्मिलित होकर रतन बजरिया मार्ग से चंडी जी पेट्रोल पंप होते हुए नायक तिगड्डा राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा पर विशाल शोभायात्रा पहुंची जहां पर संग भगवाधारियों द्वारा जय श्रीराम जय जय हनुमान के उद्घोषों के बीच युवा भक्त जमकर थिरकते हुए भक्ति भाव में लीन रहे। जहां मंदिर मस्जिद चौराहा को चारों ओर से ध्वज पताका गुब्बारों से आकर्षक सुसज्जित किया गया था। इसके उपरांत चल समारोह है बड़ा बाजार से होते हुए देर रात्रि श्रीराम मंदिर पहुंचा जहां पर प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया।

**पांच अखाड़े के साथ 11 शोभायात्रा रही शामिल**

रामनवमी की शोभायात्रा कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान ताल मंदिर ककराई से प्रारंभ हुई जो खचनानाका पर विंध्यवासिनी माता मंदिर को शोभायात्रा काली माता अखाड़ा श्रीराम, एवं राम भक्त हनुमान की सचित्र सुंदर झांकियां शोभायात्रा में सम्मिलित होकर नगर के अंधियारा बगीचा से मंदिर मस्जिद चौराहा होते हुए बस स्टैंड पहुंची जहां से बूढ़ा मौजानंद आश्रम हनुमान मंदिर बजरंग अखाड़ा से साथ बड़ा बाजार पहुंची जहां बिहारी जी सरकार शोभायात्रा सम्मिलित होकर श्री राम मंदिर में सम्मिलित हुई इसी के साथ विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। जो बजरिया से बंसीसागर के रास्ते से चंडी जी मुख्य मार्ग से प्रभ्रमण करते हुए नायक तिगड्डा राय चौराहा से मंदिर मस्जिद चौराहा पहुंची जहां पर हजारों की संख्या में राम भक्त भगवा ध्वज लहराते हुए डीजे के साथ नाचते गाते हुए जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोषों के साथ भक्तिमय मय माहौल में भक्ति में रंगे हुए धर्ममयी माहौल में आनंदित हो रहे थे।

**जगह-जगह शोभायात्रा का हुआ भव्य स्वागत**

रामनवमी को विशाल शोभायात्रा का सकल हिन्दू समाज द्वारा मुख्य मार्गों पर जगह-जगह पंडाल लगाकर भगवान की सचित्र झांकियों की पूजा अर्चना कर शोभायात्रा में सम्मिलित भक्तों को शीतल पेय प्रसाद वितरण कर धर्म लाभ उठाया। शोभा यात्रा में सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एसडीएम राकेश मरकाम एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्यक्ष उपनिरीक्षक सौरभ शर्मा एएसआई नागेंद्र सिंह सहित पूरा पुलिस थाना अमला चप्पे चप्पे पर तैनात रहा जिससे चल समारोह में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ा और शोभायात्रा शांतिमय माहौल में संपन्न हुई।

### खंडेरा माता के दरबार में कराया विशाल भंडारा

हटा। क्षेत्र की प्रसिद्ध बटियागढ़ ब्लाक के भिलौनी खमरिया गांव के पास पहाड़ी क्षेत्र में विराजमान खंडेरा खेर माता के दरबार में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल के नेतृत्व में मित्र मंडली द्वारा श्री रामनवमी के उपलक्ष में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्गों के लोगों नहीं पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ श्रीराम जन्मोत्सव मनाते हुए उत्सव की बेला में शिवचरण पटेल के साथ मित्र मंडली द्वारा सुबह माता खंडेरा की पूजा अर्चना कर माता को भोग अर्पण कर कन्या भोज के साथ दोपहर 11 से विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया जहां देर रात तक हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, हटा जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, भाजपा वरिष्ठ नेता बहादुर पटेल, राज बहादुर पटेल, ज्वाला प्रसाद मिश्रा, सहित जिले के जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा सभी वर्ग के लोगों की उपस्थिति रही।

## राम भक्तों ने निकाला बाइक जुलूस



**हिण्डोरिया**। नगर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, बजरंग दल और नगर वासियों के मार्गदर्शन में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मेहलवार माता परिसर से प्रारंभ हुआ । जो नगर के खिरका मोहल्ला, मुख्य बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड, चौगडडा, ठकरास मोहल्ला सहित विभिन्न मार्गो से होता हुआ मुख्य बाजार क्षेत्र के प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर पर पहुंचा। जहां पर विशेष पूजा अर्चना के साथ अनेक वक्ताओं ने अपने वक्तव्य दिए। राम भक्तों ने रैली के दौरान बाइक पर महावीर झंडा लगाए हुए चल रहे थे। इस दौरान राम भक्तों ने जय श्री राम, हर हर महादेव, जय बजरंगबली की गगन बड़ी नारे लगाए। सुरक्षा को लेकर पुलिस के द्वारा चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। बाइक रैली का जगह-जगह लोगों द्वारा फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## 31 वर्षों से हो रहा है श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

**हिंडोरिया**। नगर के ख़ैया मोहल्ला के माता ज्वाला माई के मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन पंडित नारायण प्रसाद मिश्रा ने भगवान की बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पर्वत की लीला का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालु पर्वत का उंगली पर उठा लेने का वर्णन सुनकर मंत्र मुग्ध हो गए। कथा वाचक श्री मिश्रा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंश के द्वारा भेजे गए अनेक राक्षसों का संहार किया। वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। उन्होंने आगे कहा कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति का घमंड हो गया था। उसके गर्व को चकना चूर करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने ब्रज मंडल में राजा इंद्र की पूजा बंद करवाकर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी। इससे इंद्र को भारी क्रोध आ गया और उसने ब्रज वासियों पर भारी बरसात करवाई चारों ओर पानी ही पानी से हाहाकार मच गया। इस प्रलय से लोगों को बचाने के लिए, भगवान श्री कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा अंगुली से गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। सात दिन के बाद इंद्र को अपनी भूल का एहसास हुआ, तब उन्होंने श्री कृष्ण से क्षमा याचना की और अन्नकूट भोग अर्पित किया। कथा के दौरान संगीतमय भजनों पर महिलाओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया और गोवर्धन पर्वत की जय जय कार की।



उन्होंने आगे कहा कि भागवत कथा सुनना जितना पुण्य प्राप्ति का माध्यम है उतना ही इसका आयोजन करना भी है। कथा तीर्थों की यात्रा से भी अधिक पुण्यकारी है इसके सुनने वाले पर श्री हरि विष्णु की कृपा बनी रहती है और उनके जीवन की सभी समस्याओं का निवारण होता है। जगत के पालनहार की कृपा से व्यक्ति के जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते है और जीवन में प्रगति, समृद्धि, खुशहाली के द्वार खुल जाते है। पंडित नारायण मिश्रा ने बताया कि 31 बरसो से लगातार मेरे द्वारा हर वर्ष इन देवी माता के दीवाले में चैत्र नवरात्रि पर्व पर भागवत कथा की जाती है जो इस क्षेत्र का एक रिकॉर्ड बना हुआ है। कथा आयोजक संतोष कुमार चौरसिया सहित, अनेक लोग कथा के दौरान उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया दुर्गा पूजा उत्सव



**बनवार**। जबेरा नगर की प्रसिद्ध देवालय में चैत्र नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा स्थल पर चल रहे जागरण कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जय नरसिंह दुर्गाउत्सव समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक एवं देवी भक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। चैत्र नवरात्रि में दुर्गाप्रतिमा की स्थापना करके दुर्गा पूजा उत्सव मनाया जा रहा जिसमें नगर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं धार्मिक नृत्य गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है। आज होगा *पुरस्कार वितरण*: दुर्गा पूजा उत्सव समिति ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए 50 से अधिक सील्ड बनवाई हैं और रामनवमी को मंच से पुरस्कार वितरण किए जाने की घोषणा की है। इस बार के आयोजन में बाहर से कोई देवी गीत कलाकार नहीं बुलाए गए, बल्कि नगर के ही बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के लिए मंच प्रदान किया गया है। बता दें यह आयोजन न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर कर रहा है, बल्कि समुदाय को भी एक साथ लाने में मदद कर रहा है। दुर्गा पूजा समिति चैत्र नवरात्रि में दुर्गा प्रतिमा रखकर जो दुर्गा पूजा उत्सव मनाने की पहल की थी जिसमें सफलता मिलने के बाद हर चैत्र नवरात्रि मैं दुर्गा प्रतिमा रखकर दुर्गापूजा का निर्णय लिया गया है इसी तरह नगर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए ₹सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें बाहर से कलाकार भजन गायक न बुलाकर देश भक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों में बच्चों को मौका दिए जाने का निर्णय लिया है

## रामनवमीं पर निकाली गई बाइक रैली



नरसिंहगढ़। हिंदू नए वर्ष के उपलक्ष में रामनवमी बड़े ही धूमधाम से जगह-जगह मनाई गई। इसी क्रम में ग्राम खेजरा कला के धर्म प्रेमियों ने सैकड़ो की संख्या में बाइक रैली के द्वारा इमला वाले हनुमान बकायन के लिए खेजरा कला से बाइक रैली निकाली गई। सुबह खैजरा कला ग्राम में बड़ी साल में सबसे पहले लगभग पांच गांव के लोगों मंदिर प्रांगण में सम्मिलित हुए इसकी मंदिर में रामलाल और बजरंगबली के दरबार में हनुमान चालीसा सामूहिक रूप से किया गया हनुमान लला की आरती इसके बाद झांकी रामलाल दरबार की झांकी डीजे के साथ बाइक रैली ग्राम का भ्रमण करते हुए कजरा कल से मुख मार्गो से होते हुए नरसिंहगढ़ पहुंची जहां पर श्री राम मंदिर में नरसिंहगढ़ के भक्त प्रेमियों ने भक्ता का स्वागत किया सामूहिक रूप से नरसिंहगढ़ श्री राम मंदिर में भी हनुमान चालीसा और जय श्री राम के नारे के साथ नरसिंहगढ़ ग्राम से सम्मिलित हुए बाइक रैली में बकायन के लिए रवाना हुए बड़ी संख्या में बाइक रैली निकालकर जय श्री राम के नारे लगाते हुए इमली वाले हनुमान के दरबार में पहुंचे जहां पर समापन की समय आरती वंदना की गई श्री राम प्रभु से प्रार्थना की गई आने वाला समय अच्छा हो । खैजरा कला से सरपंच प्रतिनिधि हिम्मत सिंह दिनेश साहू धर्मेंद्र सिंह नरपत सिंह पवन सिंह संतोष साहू नरसिंहगढ़ से सुनील पाठक साहब सिंह माता किले वाली मंडल के सदस्य और भारी संख्या में क्षेत्र की युवा साथी रहे

## रामनवमीं पर जबेरा नगर में निकाली शोभायात्रा



**बनवार**। जबेरा नगर में स्थित श्री रमेश मिश्रा की अति प्राचीन श्री राम जानकी मंदिर मैं रामनवमी के अवसर पर सुबह से विशेष पूजा पाठ के बाद शोभायात्रा मंदिर से शुरू हुई जो मुख्य मार्ग श्रीनगर भ्रमण करते हुए खेर माता मंदिर नरसिंह देवालय श्री राधा कृष्ण मंदिर होते हुए पालकी में विराजमान श्री राम जानकी की मूर्ति की जगह-जगह आरती उतारकर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्चित किया यात्रा में डीजे ढोल बाजे के साथ श्री राम नाम संकीर्तन करते हुए भजन मंडली चल रही थी श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं से शोभायात्रा का स्वागत किया भगवान की पालकी बाजपेई मोहल्ला पहुंचने पर भव्य स्वागत पूजन आरती उतारी गई यात्रा में मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रमेश मिश्रा सहित नगर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए बता दें नगर में स्थित श्री राम जानकी मंदिर करीब सैकड़ो वर्ष पुराना है और नगर का प्रमुख आस्था का केंद्र है जहां पर रामनवमी के अवसर पर दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ सुबह से शाम तक बनी रहती है

## प्रभु श्री राम के जन्म पर भक्तों ने किया पूजन



**बनवार**। फूलन देवी हिनौती में चल रहे शतचण्डी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन राम के जन्म होते ही पंडाल में प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं.ऋषिकांत गर्ग जी ने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने के लिए हुआ था। भगवान राम ने बाल्यावस्था से ही असुरों का नाश किया। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। राम कथा में पिता के प्रति मां के प्रति और भाई के प्रति प्रभु राम का जो स्नेह प्रेम रहा सदा सदा के लिए अमर है। बालव्यास ने कहा कि राजा दशरथ के संतान न होने के कारण अपने कुलगुरु वशिष्ठ के पास जाते हैं। जहां वशिष्ठ द्वारा श्रृंगी ऋषि से शुभ पुत्र कामेष्टि यज्ञ करवाते है। यज्ञ कुंड से अग्नि देवता का प्रकट होकर राजा दशरथ को खीर प्रदान करते हैं। जिसके बाद राजा दशरथ द्वारा तीनों रानियों कौशल्या, कैकई और सुमित्रा को खीर देते है। उस खीर के खाने से तीनों रानियों को भगवान राम सहित भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न का जन्म होता है। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की सुंदर झांकी निकाली गई पूजन किया गया।

## बड़ी खेरमाई में श्रीमद् देवी भागवत कथा का समापन

तेंदूखेड़ा । तेंदूखेड़ा की गौरैया घाट स्थित बड़ी खेर माई क्षेत्र में पिछले नौ दिनों से चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा का आज भव्य समापन होने जा रहा है। आचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया इस धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन पूर्णाहुति के साथ एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। यह कथा न केवल आध्यात्मिक उत्साह का केंद्र रही, बल्कि क्षेत्र के लोगों के बीच एकता और भक्ति का संदेश भी लेकर आई है। श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन नगर की बड़ी खेर माई के प्रसिद्ध मंदिर परिसर में पिछले सात दिनों से किया जा रहा था। इस दौरान प्रख्यात कथावाचक पंडित रामनयन जी महाराज ने माँ दुर्गा की महिमा, उनके अवतारों और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कथा का वर्णन किया। कथा के दौरान माँ दुर्गा के चमत्कारों, ब्रह्मांड की रचना और तीनों देवताओं (ब्रह्मा, विष्णु, शिव) के उत्पत्ति के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



श्रीमद् देवी भागवत कथा का यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देता है। कथावाचक ने अपने अंतिम प्रवचन में कहा, "यह कथा हमें जीवन में संयम, भक्ति और कर्तव्य का पाठ पढ़ाती है। माँ दुर्गा की कृपा से हर मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बना सकता है।"आज का यह समापन समारोह बड़ी खेर माई के इतिहास में एक यादगार पल के रूप में दर्ज होने जा रहा है। भक्तों का मानना है कि माँ दुर्गा की यह कथा उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आएगी। आज, सोमवार सात अप्रैल 2025 को कथा का समापन पूर्णाहुति के साथ होगा। सुबह ७ बजे से शुरू होने वाले इस अनुष्ठान में हवन और विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू नामदेव चंद्रशेखर हजारी,राजेश शर्मा,गोपाल सिंह ठाकुर, संतोष सिंह ठाकुर, कमलेश शर्मा, जितेन्द्र नामदेव, राकेश शर्मा ने बताया कि पूर्णाहुति के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर माँ दुर्गा की विशेष आरती और भजनों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसके बाद भक्तों को प्रसाद वितरण होगा। कथा समापन के बाद दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, इस भंडारे में अधिक लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, हलवा और अन्य व्यंजनों का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोज में समिति के सदस्यों के साथ उनकी टीमें पिछले नौ दिनों से इसकी तैयारियों में जुटी हुई हैं। भंडारे में शामिल होने के लिए नगर सहित आसपास के गाँवों से भी लोगो को बड़ी संख्या में पहुँचने के लिए अपील की है। अनुष्ठान में वर्णित यजमान भूपत यादव पंचायत सचिव, शोभाराम नामदेव,(मदन भैया)सुधीर पटेरिया, उदयराम राय, बाला साहू, सुदामा साहू, हल्ले भाई यादव, बती बाई लोधी, अयोध्या बाई, कुसुम रानी साहू सभी के द्वारा नवदिवसीय कथा में पूजन अर्चन किया गया।

### रामनवमीं पर धूमधाम से निकली भव्य शोभायात्रा



**बनवार**। रामनवमी के शुभ अवसर पर बनवार के खेर माता मंदिर में स्थित राम जानकी मंदिर से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गाजे-बाजे के साथ झूमते हुए रामभक्त इलाके में भ्रमण किया। शोभायात्रा के दौरान भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे भगवान श्री राम का जन्म उत्सव और भी भव्य बन गया बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा में भाग लिया और भगवान श्री राम की भक्ति में डूब गए शोभायात्रा के समापन पर भगवान श्री राम का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। शोभायात्रा श्री राम जानकी मंदिर से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः खेर माता मंदिर में समाप्त हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम की भक्ति में डूबकर जयकारे लगाए और उनकी पूजा-अर्चना की।

### भूसा से लोड आटो पलटा सभी सुरक्षित



**तेंदूखेड़ा**। रविवार की सुबह 5 बजे एक थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर मार्ग पर नरगुवा ग्राम में एक भूसा से लोड आटों वाहन पलट गई और भूसा से लोड बोरिया यहां वहां बिखर गई आटों चालक ने बताया कि वह तेजगढ़ से आटों में भूसा लोड करके जबलपुर जा रहा था। लेकिन पीछे से एक अन्य भूसा से लोड ट्रैक्टर चालक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसके कारण आटों अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सभी सुरक्षित है आपको बता दें जहां एक और दमोह कलेक्टर द्वारा एक महीने पहले ही जिले की सीमा से बाहर भूसा भेजने और बेचने पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन इसके बाद भी जिले से बाहर भूसा का परिवाहन किया जा रहा है और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे कलेक्टर के निर्देशों की धज्जियां उड़ती हुई दिखाई दे रही है।

## राम नवमीं पर हुआ देव यज्ञ का आयोजन



**दमोह**। श्री राम नवमी के पावन पर्व एवं योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज के सन्यास दीक्षा दिवस के शुभ अवसर पर स्वस्थ, समृद्ध, संस्कारवान, आध्यात्मिक, भारत के निर्माण हेतु पतंजलि योग समिति के सदस्य एवं योग प्रशिक्षकों के द्वारा बेलाताल टापू हनुमान मंदिर पर हवन पूजन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी पंडित कृष्ण कुमार परोहा, भारत स्वाभिमान के प्रभारी श्री रशीद जी, युवा भारत के प्रभारी श्री छिदामी राठौर , पंडित विनोद दुबे, दीपक सिंह राजपूत, जय कुमार जैन, पतंजलि चिकित्सालय के संचालक लोकेश राजपूत, अर्जुन प्रताप सिंह, लव प्रताप सिंह एवं पतंजलि योग समिति के सदस्य योग प्रशिक्षकों की उपस्थिति रही, सभी ने संकल्प लिया कि स्वदेशी अपनाएंगे भारत को शक्तिशाली बनाएंगे, पतंजलि जिला प्रभारी परोहा ने बताया कि योग शिविर हमारे निरंतर चल रहे हैं उन योग शिविरों का आयोजन अब ग्रामीण क्षेत्रों एवं सार्वजनिक पार्कों में भी किया जाएगा। रामनवमी के पावन अवसर पर देव यज्ञ अग्निहोत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें आर्य देवी प्रसाद पांडे के द्वारा विधि विधान से देव यज्ञ कराया गया, देव यज्ञ में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर श्रीमती वीणा यदु, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ विनय सिंह यदु, दीपक सिंह राजपूत, पंडित कृष्ण कुमार परोहा, यज्ञ नारायण पांडे, श्रीमती अनीता राजपूत, श्रीमती माला तोमर, श्रीमती सीता परोहा की उपस्थिति रही.आर्य देवी प्रसाद पांडे ने बताया कि स्वर्ग अर्थात सुख, शांति, स्वास्थ्य, दीर्घायु, विद्या, बल, पुत्र, पशु, धन संपत्ति, यश कीर्ति तथा मोक्ष तक पहुंचने वाली नौका अग्निहोत्र (देव यज्ञ) ही है, इसलिए स्वर्ग की अभिलाषी को यज्ञ करना चाहिए.

## अठवाई का भोग लगाया, घर-घर हुआ कन्या पूजन

**तेन्दूखेड़ा**। अष्टमी पर घरों एवं मंदिरों में माता के महागौरी स्वरूप का पूजन अर्चन कर अठवाई का भोग लगाया गया सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर सहित आसपास के मंदिरों में पहुंचे नगर की बड़ी खेरमाई छोटी खेरमाई महाकाली मंदिर ज्वाला देवी मंदिर शारदा मंदिर पतलोनी के शारदा मंदिर सहित पंडा भागीरथ रजक के घर पर स्थित शारदा माता मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में माता के दर्शनों के लिए लम्बी कतारें लगी रहीं साथ ही आदिशक्ति की भक्ति में लीन श्रंद्धालुओ ने मंदिरों और घरों में हवन पूजन किया इसके साथ ही कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया घर -घर में भी हवन पूजन और कन्याभोज के आयोजन हुए इसके साथ ही मंदिरों में दर्शन कर सुख समृद्धि की मातारानी से कामना की गई आज कई स्थानों पर जवारे चल समारोह निकाले जाएंगे और विर्सजित किए जाएंगे इसके साथ ही आज मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्योत्सव को लेकर पूरा नगर भक्ति के रंग में डूबा हुआ नजर आ रहा है आज मंदिरों व घरों में प्राकट्योत्सव पर धार्मिक अनुष्ठान होंगे और शाम चार बजे से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी शोभायात्रा का समापन राम मंदिर में होगा जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

# भये प्रगट कृपाला, दीनदयाला: धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

जगत के पालनहार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी सरकार का अवतारण दिवस श्री रामनवमी पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। शहर के देव श्री जानकी रमण बूंदाबहु मंदिर, हनुमानगढी मंदिर मे प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव पूजन अर्चन- के साथ मनाया गया। बडी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे व जन्मोत्सव पर पूजन अर्चन किया। वहीं संध्या में श्री रामनवमीं के अवसर पर शहर के मोरंगज गल्ला मंडी से श्री हनुमान जी महाराज की अध्यक्षता में विक्रांत गुप्ता विक्की के नेतृत्व में शानदार शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर पुलिस प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूर्णतः रूप से तैनात। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली टीआई मनीष कुमार सहित पुलिस द्वारा ड्रोन केमरे के माध्यम से भव्य शोभायात्रा की सुरक्षा में निगरानी की जा रही है।

## धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्रीराम का प्रकोट उत्सव



**गैसाबाद।** जगत के पालनहार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी सरकार का अवतारण दिवस श्री रामनवमी पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया गया सुबह से ही श्रीराम मंदिर मे प्रभु रामचंद्र जी के दर्शन के लिए भक्तों का ताता लगना शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा मंदिर में प्रभु राम का विधि विधान से पूजन मंदिर के पुजारी द्वारा किया गया शाम 4: बजे श्रीराम मंदिर से भव्य जुलूस निकाला गया जो श्री हनुमानगढी मंदिर बस स्टैंड से होते हुए आजाद चौक से श्री पिपरासन माता मंदिर होते हुए पुनः श्री राम मंदिर पहुंचा जहां पर मंदिर के पुजारी गणेश पांडे द्वारा जुलूस का स्वागत किया गया जुलूस समापन के बाद मंदिर परिसर में महाप्रसाद के रूप में भक्तों के लिए कढ़ी चावल का विशेष प्रसाद वितरण किया गया, इस धार्मिक आयोजन में पंडित पुरुषोत्तम उपाध्याया पंडित लालाराम बिलोहा बलैह सरपंच जुगल पटेल लंबरदार रणधीर दहिया गैसाबाद सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार मुरारी राय परम उपाध्याय डॉ भानु पटेल प्रमोद नगरिया महेंद्र विश्वकर्मा अंशु अग्रवाल सोमचंद राठौर बसंत चौरसिया दादाभाई परिहार मुकेश पटेल करोड़ी विश्वकर्मा जितेंद्र चौरसिया सुमन भौमिक छोटू पांडे विक्की सेन विक्रम सिंह राजपूत रज्जू पटेल सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## कटाव सिद्ध धाम में श्रीराम यज्ञ एवं कथा का शुभारंभ



**सिंग्रामपुर।** दमोह एवं जबलपुर की मध्य सीमा पर स्थित आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम सिद्ध धाम कथा में श्री रामनवमी के पावन अवसर पर बाल संत सीता शरण जू महाराज लोढ़ा पहाड़ सिद्ध धाम के परम सानिध्य में कटाव धाम आयोजित श्री राम यज्ञ एवं श्री राम कथा का शुभारंभ आज को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा लाल मंदिर मृगननाथ बाबा एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकली।जो सिंगपुर तिराहे से भ्रमण के बाद यज्ञ स्थल पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापित किए गए। कलश यात्रा में संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित आसपास क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु शामिल हुए श्री राम कथा का रसपान महंत सीता शरण जी के द्वारा प्रतिदिन से कराया जायेगा अखंड श्री राम नाम संकीर्तन एवं कन्या संत ब्राम्हण जनों अखंड भंडारे का आयोजन किया गया है बता दे दमोह जिले की अंतिम सीमा पर स्थित कटाव धाम अपनी अद्भुत प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ महान संतों की तपोस्थली के लिए प्रसिद्ध है।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छता का ब्रांड एम्बेसडर घोषित

**दमोह।** नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने कहा सिनेमैटोग्राफर हरीश पटेल द्वारा नगर में किए जा रहे स्वच्छता कार्यों को देखते हुए दमोह जिले का स्वच्छता का ब्रांड एम्बैसडर घोषित किया जा रहा हैं। नगर पालिका अधिकारी प्रदीप शर्मा ने बताया हरीश पटेल ने जागृति का बड़ा अच्छा काम किया है। एक तो उन्होंने अपना एक जो गाना नगर पालिका को फ्री में बना कर दिया हैं यह उनका बड़ा अच्छा योगदान है। साथ ही स्वच्छता के संबंध में दूसरा उन्होंने कुछ चौराहे पर स्वयं से अपने कुछ साथियों के साथ में सफाई का कार्य किया जिसमें बाद में नगरपालिका ने और बेहतर किया लेकिन यह शुरुआत उन्होंने की हैं।

### राधिका का नवोदय विद्यालय में चयन



**पटेरा।** नगर के सीएम राईज प्राथमिक केम्पस जमुनिया टांक पटेरा की छात्रा राधिका ताम्रकार का नवोदय विद्यालय हटा में कक्षा 6वीं में चयन होने से पूरे परिवार व मित्र मंडली में हर्ष व्याप्त है जो सभी बधाई देकर राधिका के उज्जवल भविष्य की कामना की है। नगर के बस स्टेण्ड पर हड़फूटन पान सेंटर के संचालक कमलेश ताम्रकार की सुपुत्री राधिका की इस उपलब्धि से सभी प्रसन्न है। राधिका अपने चाचा लेखराम शिक्षक अरविंद पटेल व शिक्षक स्टाफ के साथ परिवार को श्रेय देती है।

### बोरवेल करने पर प्रकरण दर्ज

**दमोह।** तेन्दूखेड़ा अंतर्गत ग्राम बम्होरी पांजी में बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के अवैध बोरवेल/नलकूप खनन करने पर अनुविभागीय दंडाधिकारी तेन्दूखेड़ा सौरभ गंधर्व द्वारा बोरबेल मशीन को जब्त कर संबंधित वाहन मालिक और संचालक पर जुर्माने की कार्यवाही की हैं। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर के आदेश का उल्लंघन करने के आरोप में संशोधित अधिनियम 2022 की धारा 9 के तहत सबंधितों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए 5000 – 5000 रुपए के जुर्माने की कार्यवाही की गई। एसडीएम श्री गंधर्व ने वाहन मालिक द्वारा अर्थदण्ड की राशि चालान के माध्यम से जमा करने के बाद ही संबंधितों द्वारा अनुमति उपरांत ही बोरवेल खनन की हिदायत देते हुये थाना प्रभारी को वाहन मुक्त करने के लिये कहा हैं।

# रेल परामर्शदात्री समिति की बैठक में उठाये विभिन्न मुद्दे



**दमोह से समिति सदस्य सुधीर असाटी ने बैठक में शामिल होकर उठाये मुद्दे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

पश्चिम मध्य रेलवे की मंडल रेल उपभोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य सुधीर असाटी ने 192 वीं,बैठक में दमोह से संबंधित मुद्दे उठाये। जिसमें विशेष रूप से नागपुर के लिए ट्रेन की मांग की गई,उत्तर में बताया गया कि जबलपुर मंडल से प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है।

दमोह में अभी जी आर पी (शासकीय पुलिस) की चौकी है,इसकी जगह थाना बनाया जाए तो उत्तर में बताया गया,कि प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय,मध्यप्रदेश शासन को नवंबर 2023 में भेजा जा चुका है। अमृत भारत योजना में एक और फुट ओवर ब्रिज (पैदल पार पुल) का निर्माण होना है, जो की प्लेटफार्म 1से प्लेटफार्म 2-3 तक जाएगा, जिससे लिए मांग रखी कि इसे प्लेटफार्म 3 के उस पार, बाहर तक ले जाया जाए, जिससे हटा-पन्ना-छतरपुर क्षेत्र,इमलाई मुस्की बाबा,लोको तरफ की जनता और रेलवे कॉलोनी के समस्त स्टाफ के अलावा वृद्ध,दिव्यांग लोगों को भी आसानी होगी। छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति और दुर्ग-उधमपुर का दमोह ठहराव की मांग पर बताया गया कि,प्रस्ताव,अखिल भारतीय सारणी सभा 2024 को भेजा जा चुका है। शिप्रा एक्सप्रेस सातों दिन चलाने के संबंध में बताया कि पाथ उपलब्ध न होने के कारण अभी संभव नहीं है।

कुंडलपुर रेल लाइन का सर्वे 2007 से रेलवे बोर्ड के पास पेंडिंग है। अमृत भारत योजना के तहत अभी दमोह स्टेशन पर काफी विकास कार्य पूरे होने हैं। 20 मार्च से दमोह स्टेशन का वाहन स्टैंड का ठेका रद्द कर दिया गया है,अगली निविदा प्रक्रिया में है। अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वय आनंद कुमार एवं सुनील टेलर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता,वरिष्ठ शाखा अधिकारी डॉ निर्मला गुप्ता के साथ मंडल के अधिकारियों-कर्मचारियों की की उपस्थिति में जबलपुर मंडल कार्यालय में बैठक संपन्न हुई। अमृत भारत योजना में दमोह स्टेशन को चुना गया,जिसके कारण दमोह एक मार्डन स्टेशन बन रहा है,इसके लिए दमोह वासियों की ओर से कोटि-कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रामनवमीं पर बटियागढ़ में निकली भव्य शोभायात्रा



**बटियागढ़ ।** बटियागढ़ में रामनवमी के पावन अवसर पर राम जानकी मंदिर से भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। सैकड़ों महिलाएं और पुरुष भगवा ध्वज लेकर जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा का मार्ग राम-जानकी मंदिर से नया बाजार, बस स्टैंड, तहसील मुख्य मार्ग, से सरिया तिराहा और विंध्यवासिनी माता मंदिर तक पहुंची शाम 6 बजे वापिस श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में भव्य झांकियां, घोड़े, भजन मंडली, अखाड़ा और डीजे बाजे के साथ पटाखे फोड़े गए। सैकड़ों सनातनियों की भीड़ और श्री राम के जय घोष गलियों को गुंजायमान कर रहे थे। पं. नरेन्द्र व्यास ने बताया कि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी श्री राम भगवान का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से और बड़ चड़ कर मनाया गया। सुबह से श्री राम जानकी मंदिर में भगवान की पूजा आरती की गई फिर हवन किया गया और प्रसाद वितरण कर शाम को भव्यता के साथ शोभायात्रा निकाली गई। बटियागढ़ ग्राम के सभी हिन्दुओं के सहयोग से श्री राम भगवान का भव्य जन्मदिन मनाया गया। बटियागढ़ पुलिस का व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा।

### तेंदूखेड़ा उपमंडी में डाक नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न, मंडी में रिकॉर्ड आवक हो रही

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में तेंदूखेड़ा उपमंडी में डाक नीलामी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस सबंध में तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरव गन्धर्व ने बताया उपमंडी चालू होने से किसानों में हर्ष का माहौल हैं, वही व्यापारी भी एकजुटता का परिचय देते हुए उपमंडी प्रांगण से किसानों की उपज क्रय कर रहे है। न्होंने बताया मंडी में रिकॉर्ड आवक हो रही है। इसमें कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा समिति जबेरा जिला में दिनांक 01 अप्रैल 2025 को कृषक संख्या 11 कुल आवक 485क्विंटल रही। इसी प्रकार 02 अप्रैल 2025 को कृषक संख्या 40 कुल आवक 2147क्विंटल, दिनांक 03 अप्रैल 2025 को कृषक संख्या 54 कुल आवक 1154क्विंटल., दिनांक 04 अप्रैल 2025 को कृषक संख्या 91 कुल आवक 1987क्विंटल. तथा दिनांक 05 अप्रैल 2025 को कृषक संख्या 78 कुल आवक 1622क्विंटल रही।.उपमंडी प्रांगण में डाक नीलामी की प्रक्रिया में भारसाधक अधिकारी सौरभ गंधर्व, बसंत खरे, लक्ष्मण राय, दशरथ कोरी, जयंत केशरवानी, आनंद प्रताप सिंह का योगदान रहा है।

## कार अनियंत्रित होकर पलटी, बेटी की मौत

**माता पिता सहित सात जिला अस्पताल रैफर**



हटा। छतरपुर जिले के घुवारा से कुंडलपुर दर्शन करने जा रहे एक जैन परिवार की कार हटा थाना क्षेत्र के गाता कोड़ियां गांव के पास अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार एक युवती की मौत हो गई वहीं कर में सवार अन्य साथ लोग घायल हो गए जिन्हें पुलिस की मदद से हटा सिविल अस्पताल लाया गया जहां से गंभीर हालत में जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जानकारी अनुसार छतरपुर जिले के घुवारा निवासी छोटे लाल जैन उम्र 60 वर्ष अपनी कार क्रमांक एमपी 13 सीसी 7081 से अपनी पत्नी चमेली बाई 57 वर्ष एवं दो बेटियों में निकिता 35, निहारिका 25 एवं पोते अन्य 7 के साथ कुंडलपुर जा रहे थे कि अचानक ग्राम गाता के पास बस को ओवरटेक करते समय कार अनियंत्रित हो गई और पलटते हुए खेत में जा गिरी बेटी निहारिका की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना हटा पुलिस थाना को दी गई जहां मौके पर 108 वाहन की मदद से सभी को हटा सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां डॉक्टर ने निहारिका को मृत घोषित कर दिया जबकि मां चमेली बाई 57 एवं अन्य 7 को जिला अस्पताल रैफर किया गया। बताया जा रहा है कि कार पलटी खाकर खेत में जा गिरी एवं बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### भगवान महावीर जयंती के पूर्व हो रहे विविध आयोजन

# महिलाओं ने बनाये विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजन





हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

महावीर जयंती के आगमन के पूर्व आयोजित हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत जैन धर्मशाला में महिला मंडल के द्वारा व्यंजन मेला आयोजित किया गया जिसमें बहुत स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर महिलाओं ने अपने स्टाल लगाए। इस मौके पर पूर्व विधायक अजय टंडन मुख्य अतिथि के रूप में एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं राजेंद्र चौरसिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। व्यंजन मेला में अरविंद इटोरिया कल्पना नायक एवं नेहा बजाज निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे व्यंजन मेला में प्रथम श्रद्धा जैन द्वितीय श्वेता जैन तृतीय विमल जैन को स्थान प्राप्त हुए। सभी ने प्रतियोगिता में स्थान पाने वालों को बधाई दी अतिथियों के द्वारा स्वादिष्ट भोजन की प्रशंसा की गई। महावीर जन्मोत्सव समिति के संयोजक महेश दिगंबर अरुण कोर्ट आनंद बीएसएनल सुधीर डब्बू संजीव शाकाहारी सचिइंद्र जैन सुनील वेजीटेरियन आदि उपस्थित रहे।

**आज होगा भोजन वितरण-** दमोह महावीर जन्मोत्सव समिति उपलक्ष्य में 6 दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित हो रहे विभिन्न आयोजनों में आज आचार्य विद्यासागर वृती आहार शाला के द्वारा घंटा घर पर दोपहर 12:00 से भोजन वितरण किया जाएगा। दिगंबर जैन धर्मशाला में रात्रि 8 बजे से जैन मिलन की विभिन्न शाखों का महा मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा तथा तीर्थ रक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।



## दमोह जबलपुर हाईवे पर स्पीड ब्रेकर बन रहे हादसों का कारण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिग्रामपुर

दमोह जबलपुर नेशनल हाईवे के सिग्रामपुर के धवा लाइन दानियाल पूरेनहाउ के बीचों बीच एक सप्ताह पूर्व में 6 स्पीड ब्रेकर बनाए गए है वाहन चालकों राहगीरों का कहना है उक्त स्पीड ब्रेकर मापदंडों के विपरीत बने नतीजन ब्रेकर राहगीरों की जान के दुश्मन बन गए हैं। तीन दिन के अंदर जहां तीन टू व्हीलर को स्पीड ब्रेकर के कारण हुए हादसे का शिकार हो गई है वहीं एक ट्रक स्पीड ब्रेकर के चलते अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर जंगल में घुस गया था जिससे लोगों में आक्रोश है हालांकि रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के जंगल मार्गों पर वाहनों की गति नियंत्रित करने और वन्य जीवों को सड़क हादसे से बचाने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाए जाने का दावा किया जा रहा है लेकिन मापदंडों के विपरीत बने स्पीड के पहले कोई संकेतक बोर्ड नहीं लगाए गए और नहीं कलर किया गए जिससे टू व्हीलर चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं जंगल मार्ग में बनाए गए स्पीड ब्रेकर अक्सर हादसे का कारण बन जाते हैं क्योंकि वे सड़क सुरक्षा के मानकों का पालन नहीं करते और अचानक आते हैं, जिससे वाहन चालकों को उन्हें पहचानना और उनसे सुरक्षित तरीके से गुजरना मुश्किल हो जाता है खासकर रात में या खराब दृश्यता में सुरक्षा मानकों का पालन किया गया स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई, चौड़ाई, और ढलान अव्यवस्थित है। स्पीड ब्रेकर के पास कोई चेतावनी संकेत नहीं है, जिससे वाहन चालकों को उनकी उपस्थिति के बारे में पता नहीं चलता है यही बजह है, जंगल मार्ग में बनाए गए स्पीड ब्रेकर वाहन चालकों के लिए एक बड़ा खतरा और दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ है।

## सत्येंद्र साहू की किताब 'ने करो - 6' का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दमोह

दमोह के लेखक सत्येंद्र साहू द्वारा लिखित पुस्तक "ने करो ₹6" का भव्य विमोचन भजन सम्राट अनूप जलोटा द्वारा रामनवमी के पावन अवसर पर 6 अप्रैल, रविवार को भोपाल स्थित अनूप जलोटा संगीत अकादमी में किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में साहित्य और संगीत प्रेमियों की उपस्थिति रही। लेखक सत्येंद्र साहू ने बताया कि यह पुस्तक नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर सोच को मोड़ने का एक प्रयास है। वे कलम के माध्यम से समाज में जागरूकता और बदलाव लाने का कार्य कर रहे हैं। "ने करो" श्रृंखला के अब तक पाँच संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं और यह छठा संस्करण, डॉ. नवीन सोनी ओम फ्रेक्चर एवं ट्रामा हॉस्पिटल(दमोह) के सौजन्य से प्रकाशित किया गया है। पुस्तक का कवर डिज़ाइन आशुतोष वर्मा द्वारा किया गया है।बेक कवर डिजाइन नेहा साहू द्वारा किया गया है.विमोचन कार्यक्रम में आर. के. शर्मा, पंडित आशीष दुबे का विशेष सहयोग रहा. अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुधार सत्ता के प्रमुख गोपाल श्रीवास्तव, एडवोकेट रवि गोयल, अभिनेता-निर्देशक नितिन तेजराज, बख्शासी जी और बृजमोहन शर्मा सहित कई प्रशंसकों ने लेखक को शुभकामनाएं दीं।